Email/ AE Sbl 02/03/24

# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) सम्भल

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद सम्भल) के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय सम्भल की अध्यक्षता में दिनांक 28–02–2024 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

पत्रांक 632 /JJM-SBL / 20 दिनांक 01/03/24

दिनांक 28.02.2024 को जिलाधिकारी महोदय **सम्भल** की अध्यक्षता में जनपद सम्भल में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

1. जिलाधिकारी, सम्भल।
2. अधिशासी अभियन्ता, ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
3. श्री जगनमोहन रेड्डी, पी0एम0 टी0पी0आई0।
4. श्री अभिषेक, फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।
5. श्री रंजीत सिंह, प्रोजेक्ट मेनेजर मै0 एन0के0जी0–प्राइमस(जे0वी0) नई दिल्ली।
6. श्री फैजान फारूकी, फर्म प्रतिनिधि मै0 एल0सी0 इन्फा प्रो0 प्रा0लि0 अहमदाबाद।
7. श्री हिमांशु शर्मा, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 सम्भल।

**वर्तमान समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–**

**1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 280 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 186 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 186 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 186 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- गत बैठक तक 1393.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 28.02.2024 तक 1435.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। लगभग 02 माह में मात्र 42.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य किया है, जोकि अत्यन्त कम है।
- गत बैठक तक 89233 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 93051 गृह जल संयोजन किये गये हैं। 02 माह में 3818 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं।
- गत बैठक तक 25 नग OHT के कार्य पूर्ण थे व 179 पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 38 नग OHT Complete व 147 नग पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार लगभग 02 माह में मात्र 13 OHT पूर्ण किये गये। वर्तमान तक 46 नग OHT 75–99 प्रतिशत प्रगति की श्रेणी में हैं।
- गत बैठक तक 136 नग पम्प हाउस पूर्ण थे 43 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 151 पम्प हाउस पूर्ण व 34 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 02 माह में फर्म द्वारा मात्र 15 नग पम्प हाउस पर कार्य पूर्ण किया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

- मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल जेवी मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 10.03.2024 तक 05 योजनाएं एवं दिनांक 31.03.2024 तक 10 योजनाओं के समस्त कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये जायेंगे एवं दिनांक 31.03.2024 तक 225 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा।

2– **जल जीवन मिशन कार्यकम फेज 2:–**
**मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रो0 प्रा0लि0**

- फर्म को आवंटित 15 नग राजस्व ग्राम, 10 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा नलकूप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- 165.00 कि0मी0 के सापेक्ष 156.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।
- 10385 नग के सापेक्ष 8586 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 02 नग पूर्ण व 04 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य प्रगति पर हैं।
- फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओं के समस्त कार्य दिनांक 31.03.2024 तक पूर्ण कर लिये जायेंगे।

3– **जल जीवन मिशन कार्यकम फेज 3:–**
**मै0 एन0के0जी0–प्राइमस (जे0वी0) न्यू देहली :–**

- फर्म को आवंटित 564 नग राजस्व ग्राम, 360 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 350 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 348 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 345 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- गत बैठक तक 2355.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 28.02.2024 तक 2768.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं।
- गत बैठक तक 105535 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 129417 गृह जल संयोजन किये गये हैं। गत बैठक से दिनांक 28.02.2024 तक 23882 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं (औसतन 398 नग प्रतिदिन)। फर्म को गृह जल संयोजन की प्रगति बढाने हेतु निर्देशित किया गया।
- गत बैठक तक 09 नग OHT पूर्ण कर लिये गय थे तथा 297 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य प्रगति पर थे। वर्तमान तक मात्र 19 नग OHT पूर्ण हैं व 304 OHT पर कार्य प्रगति पर है। OHT के कार्य सम्पूर्ण कार्य तीव्रगति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

- गत बैठक तक 09 नग OHT पूर्ण कर लिये गय थे तथा 297 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य प्रगति पर थे। वर्तमान तक मात्र 19 नग OHT पूर्ण हैं व 304 OHT पर कार्य प्रगति पर है। OHT के कार्य सम्पूर्ण कार्य तीव्रगति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- गत बैठक तक 92 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण था व 26 पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 198 पूर्ण हैं व 115 पर कार्य प्रगति पर है।
- मै0 एन0के0जी प्राईमस, जेवी न्यू देहली द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 10.03.2024 तक 02 योजनाएं एवं दिनांक 31.03.2024 तक 22 योजनाओं के समस्त कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये जायेंगे एवं दिनांक 31.03.2024 तक 200 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा।

**<u>सभी फर्मों हेतु Common दिशा–निर्देशः–</u>**

- समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधिकतम 15 मार्च 2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाये।
- समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य अधिकतम दिनांक 20.03.2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जायें।
- "हर घर जल प्रमाणिकरण का कार्य योजना के समस्त कार्य पूर्ण होने पर एवं सम्बन्धित जू0इं0 के सत्यापन उपरान्त ही किया जाये।
- जिन योजनाओं पर सोलर पैनल अधिष्ठापन किये जा चुके हैं, उन पर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी को निर्देशित किया गया कि बैठक में अनुपस्थित दोनों आई0एस0ए0 क्रमशः 1– बुन्देलखण्ड ग्राम विकास समिति सेवा संस्थान, 2– द्वारिका प्रसाद जन कल्याण समिति को करण बताओं नोटिस देना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी को हर घर जल प्रमाणित किये गये ग्रामों में से 05 गाम क्रमशः रसूलपुर सराय, शिवराजपुर, रामपुर जट, फैजुल्लापुर एवं रामपुर यारपुर का स्थलीय निरीक्षण कर आख्या दिनांक 02.03.2024 तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता महोदय(मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
3– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
4– जिलाधिकारी महोदय सम्भल।
5– मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल।
6– समस्त कार्यरत ऐजेन्सी (जल जीवन मिशन कार्यक्रम)।
7– टी0पी0आई0ए0 जनपद सम्भल।
8– डी0पी0एम0यू0 सम्भल।

अधिशासी अभियन्ता

D/Baithak/2023/SBL/M.M. 25-08-23 PC 2 F

Scanned with OKEN Scanner